## संपादकीय

### निजता और शिकंजा

देश में नये आईटी कानून लागू होने के बाद निजता के सवाल की बहस ने लोगों का ध्यान खींचा है। गत पच्चीस फरवरी को घोषित आईटी कानूनों को सरकार ने तीन माह में लागू करने की घोषणा की थी तथा सोशल मीडिया कंपनियों से निर्धारित जानकारी मांगी थी। लंबे समय से भारत के व्हाट्सएप उपभोक्ता ओं की निजी जानकारी व्यापारिक उपयोग के लिये हासिल करने के लिये दबाव बनाने वाली सोशल मीडिया कंपनी इन नये कानूनों को निजता के अधिकार का हनन बताते हुए अब दिल्ली हाईकोर्ट चली गई है। दुनिया में सत्ता को बनाने व बिगाड़ने के खेल में शामिल ये कंपनियां दरअसल निरंकुश व्यवहार के लिये जानी जाती हैं। बताया जाता है कि इस साल जनवरी में फेसबुक व ट्विटर डोनाल्ड ट्रंप को हटाने की मुहिम में एकजुट हो गए थे। कई विवादों के चलते फेसबुक के मुखिया को अमेरिकी सीनेट में तलब भी किया गया था। बाइडेन प्रशासन भी अब इन कंपनियों को जवाबदेह बनाने की मुहिम में जुटा है। अमेरिका में इन भीमकाय कंपनियों को छोटे उद्यमों में बदलने की मांग हो रही है। निजता के अधिकारों की दलील देने वाले फेसबुक पर विगत में उपभोक्ता ओं का डाटा व्यावसायिक उपयोग के लिये बेचने के भी आरोप लगे थे। ऐसे वक्त में जब चीन ने इन कंपनियों पर रोक लगाकर अपना सोशल मीडिया विकसित कर लिया है तो अमेरिका व यूरोप से बड़े बाजार व बड़ी जनसंख्या वाला भारत इनके व्यावसायिक हितों के निशाने पर है। निस्संदेह भारत कोई खाला का घर नहीं है कि ये भीमकाय कंपनियां निजता व लोकतांत्रिक अधिकारों की दलीलों के साथ व्यावसायिक हितों को अंजाम दें। भारत में पहले आईटी कानून लचर थे और इन कंपनियों के निरंकुश व्यवहार पर नियंत्रण करने व जवाबदेही तय करने में सक्षम नहीं थे। इन नये कानूनों के खिलाफ व्हाट्सएप अदालत चला गया है तो ट्विटर ने कहा है कि वह उन कानूनों में परिवर्तन का समर्थन करता रहेगा, जो स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति में बाधक हैं।

वहीं सरकार अपने स्टैंड पर कायम है, उसका कहना है कि वह निजता के अधिकार की पक्षधर है लेकिन कोई भी अधिकार निरंकुश व पूर्ण नहीं होता। साथ ही यह भी कि एंड-टू-एंड एनक्रिप्शन भंग होने की दलीलें हर आम उपभोक्ता के बाबत नहीं है। सरकार की दलील है कि यह कानून केवल उन परिस्थितियों में लागू होगा जहां राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति तथा शांति भंग होने से जुड़े मामले सामने होंगे। निस्संदेह जब देश में सांप्रदायिक सौहार्द भंग करने और देश विरोधी मामलों में फर्जी खबरों का उफान तेजी पर है तो खबर फैलाने वाले मूल स्रोत तक पहुंचना जरूरी भी है। निस्संदेह, जवाबदेही व जिम्मेदारी तो जरूरी है लेकिन कुछ लोगों का मानना है कि कहीं सरकार का व्यवहार निरंकुश न हो जाये और वह निजता व अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश न लगाने लगे क्योंकि कौन-सी खबर आपत्तिजनक है, इसका निर्धारण भी तो सरकार के अधिकारी ही तय करेंगे। इससे जुड़ी दूसरी चिंता यह भी है कि ये कानून मीडिया संस्थानों के डिजिटल एडीशनों पर भी लागू होंगे, जिसमें पाठक अपनी प्रतिक्रिया देते रहते हैं, जिसे अभिव्यक्ति की आजादी पर खतरे के रूप में देखा जा रहा है। लेकिन सरकार इन कानूनों पर किसी तरह पीछे हटती नहीं दिख रही है। सरकार को इससे जुड़ी तमाम आशंकाओं का सार्वजनिक रूप से निराकरण करना चाहिए। बहरहाल, सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों से नियमों के पालन की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। दरअसल, सरकार ने नयी गाइडलाइन के हिसाब से सोशल मीडिया कंपनियों को भारत में चीफ कॉम्प्लायंस अफसर, नोडल कॉन्टेक्ट पर्सन और रेसिडेंट ग्रेवांस अफसर की नियुक्ति करने को कहा था, ताकि सोशल मीडिया पर प्रसारित आपत्तिजनक सामग्री के बाबत जानकारी व कार्रवाई के बाबत पूछा जा सके। ये अधिकारी भारत में रहने वाले होने चाहिए, जिनसे उपभोक्ता संपर्क कर सकें। साथ ही पंद्रह दिन में शिकायत का निस्तारण कर सकें। नये कानून के दायरे में मूल कंपनी व सहायक कंपनी भी आती है, जिन्हें कंपनी के एप का नाम, वेबसाइट और सर्विस से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा गया है।

## क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड से शख्स ने की 2 करोड़ से अधिक की कमाई



**नई दिल्ली।** बैंक क्रेडिट कार्ड के ग्राहकों को रिवॉर्ड पॉइंट देते हैं। इसका मकसद क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल के लिए ग्राहक को प्रोत्साहित करना है। इस रिवॉर्ड्स प्वाइंट के जरिए आमतौर पर लोग कुछ हजार रुपए ही कमा पाते हैं। लेकिन अमेरिका के एक शख्स ने क्रेडिट कार्ड्स के रिवॉर्ड्स के जरिए 2 करोड़ 17 लाख रुपये कमा लिए।

कोस्टाटीन अनीकेव नाम के एक शख्स ने अपने क्रेडिट कार्ड से बड़ी संख्या में गिफ्ट कार्ड खरीदने शुरू किए। क्रेडिट कार्ड के प्रतिदिन की लिमिट के हिसाब से अनीकेव पहले गिफ्ट कार्ड खरीदते और फिर उसे कैश करा लेते। इस पैसे को वे वापस अपने बैंक अकाउंट में जमा कर देते और फिर क्रेडिट कार्ड का बिल चुका देते। इस दौरान जो रिवार्ड्स मिलते, वह उनकी कमाई हो जाती। इस तरह वे अपने कार्ड से मनी ऑर्डर की खरीदारी भी किया करते थे।

अनीकेव के पास जो क्रेडिट कार्ड्स थे, उन कार्ड्स के जरिए ग्रॉसरी स्टोर या फिर फार्मेसी में खरीदारी करने पर 5 फीसदी अनलिमिटेड रिवार्ड्स मिलते थे। इस वजह से अनीकेव ग्रॉसरी स्टोर में जाते थे और वहां प्रीपेड वीजा गिफ्ट कार्ड्स खरीदते थे। ग्रॉसरी स्टोर में गिफ्ट कार्ड्स की खरीदारी के लिए प्रतिदिन के हिसाब से लिमिट होती थी। इसलिए अनीकेव अक्सर ग्रॉसरी स्टोर में जाया करते थे। अनीकेव खासकर उन गिफ्ट कार्ड्स या मनी ऑर्डर की खरीदारी करते थे जिस पर प्रोसेसिंग फीस कम होती थी।

500 डॉलर के गिफ्ट कार्ड की खरीदारी पर उन्हें 5 फीसदी के हिसाब से 25 डॉलर रिवार्ड मिलते। गिफ्ट कार्ड की फीस और उसे कैश में बदलने के लिए उन्हें 6 डॉलर खर्च करने पड़ते थे। इस हिसाब से उन्हें 19 डॉलर का मुनाफा होता था। ऐसे करते-करते अनीकेव ने तीन लाख डॉलर की कमाई कर डाली। लेकिन इसी दौरान अमेरिका के टैक्स विभाग के सिस्टम ने अफसरों को अलर्ट कर दिया। इसके बाद आय से अधिक संपत्ति को लेकर आयकर विभाग ने जांच शुरू कर दी और उन्हें नोटिस भी भेज दिया।

अनीकेव एक प्रायोगिक भौतिक विज्ञानी है। टैक्स विभाग ने जब उन्हें नोटिस भेजा और फिर मामला अदालत में पहुंचा तो अनीकेव ने अनोखे ढंग से खुद का बचाव किया। वे एक टब में गिफ्ट कार्ड्स भरकर कोर्ट पहुंचे थे। वहीं, सरकारी वकील ने अनीकेव के खिलाफ दलील दी कि यह बहुत अनैतिक और नियमों के खिलाफ जाकर सारा धन इकट्ठा किया गया है।

जज ने अपने फैसले में कहा कि गिफ्ट कार्ड प्रॉपर्टी की तरह हैं और इसे खरीदने पर जो रिवार्ड्स मिलते हैं, उस पर टैक्स नहीं लगेगा। जज के मुताबिक, इस केस में रिवार्ड्स डिस्काउंट हुआ। लेकिन इसी तर्क से अगर गिफ्ट कार्ड को फिर से कैश में बदला जाए तो यह लाभ के लिए अपनी संपत्ति को फिर से बेचना हुआ। इस पर टैक्स लगेगा। जज ने अमेरिकी टैक्स विभाग को यह भी निर्देश दिया कि इसको लेकर स्पष्ट दिशानिर्देश जारी किए जाएं। फैसले के बाद टैक्स विभाग को फिर से यह बताना होगा कि अनीकेव पर कितना टैक्स बनता है। दोनों पक्ष के बीच अब तक मामले का निपटारा नहीं हुआ है।


## ओडिशा सरकार की मदद को आगे आई स्टील कंपनी, ऑक्सीजन सिलेंडर की कर रही आपूर्ति



**नई दिल्ली।** स्टील कंपनी एएमएनएस ने कहा कि वह कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए ओडिशा सरकार को 5,150 ऑक्सीजन सिलिंडर की आपूर्ति कर रही है। आर्सेलरमित्तल निप्पन स्टील (एएमएनएस) ने एक बयान में कहा कि 1,350 ऑक्सीजन सिलिंडर की पहली खेप रविवार को भुवनेश्वर हवाईअड्डे पर पहुंच है। यह सिलेंडर सरकार के अधिकारियों द्वारा राज्य में वितरित किये जायेंगे। उसने कहा कंपनी 3800 सिलिंडर की अगली खेप कुछ दिनों में ओडिशा पहुंच जायेगी। स्टील निर्माता कंपनी ने इसके अलावा गुजरात में 250 बिस्तर वाला कोविड अस्पताल भी बनाया है तथा गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और हरियाणा प्रतिदिन 250 टन तरल चिकित्सीय ऑक्सीजन की भी आपूर्ति कर रही हैं। कंपनी ने कहा कि उसने अप्रैल से अबतक 9,200 टन तरल ऑक्सीजन की आपूर्ति भी की है।

## अपने 80,000 कर्मचारियों का मुफ्त टीकाकरण करेगी एयरटेल

### » फ्रंटलाइन कर्मचारियों को दी जाएगी प्राथमिकता



**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर के बीच दूरसंचार कंपनी एयरटेल ने कहा कि वह अपने मुफ्त टीकाकरण कार्यक्रम का विस्तार 15,000 से अधिक साझेदारों और वितरकों के लगभग 80,000 कर्मचारियों तक कर रही है, ताकि स्टोर जैसे फ्रंटलाइन कर्मचारियों के टीकाकरण को प्राथमिकता दी जा सके। एयरटेल ने अपने कर्मचारियों और उनके आश्रितों के टीकाकरण के लिए अपोलो हॉस्पिटल के साथ साझेदारी की है। यह कार्यक्रम पहले से ही चल रहा है, जिसके तहत पूरे भारत के 35 शहरों में शिविर लगाए जा रहे हैं। टीकाकरण अभियान का खर्च एयरटेल उठा रही है। एयरटेल के सर्किल सीईओ ने अब साझेदारों को पत्र लिखकर बताया है कि इस मुफ्त टीकाकरण पहल में उनके ग्राहक अधिकारियों और अन्य फ्रंटलाइन कर्मचारियों को भी शामिल किया जा रहा है।

मुफ्त टीकाकरण अभियान में 15,000 से अधिक साझेदारों और वितरकों के लगभग 80,000 कर्मचारी शामिल होंगे। इसी तरह ऑटोमोटिव और औद्योगिक कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी एसकेएफ इंडिया ने कहा कि वह वायरस से संक्रमित होने वाले कर्मचारियों और उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता देगी। किसी कर्मचारी का निधन होने की स्थिति में कंपनी दो बच्चों की 12वीं तक की पढ़ाई का खर्च वहन करेगी। इसके अलावा श्रमिक वर्ग के कर्मचारियों के आश्रितों को एकमुश्त पांच लाख रुपये की सहायता भी दी जाएगी। जहाज मालिकों, जहाज प्रबंधकों और एजेंट के संघ एमएएसएसए ने कहा है कि वह विभिन्न सामुद्रिक निकायों के साथ मिलकर नाविकों के लिए मुफ्त टीकाकरण अभियान शुरू करेगी। एमएएसएसए के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शिव हाल्बे ने बताया कि यह अभियान 10 जून से शुरू होगा और इसके तहत कम से कम 10,000 नावियों को टीके लगाए जाएंगे।

## किसानों के लिए खुशखबरी, एचसीएल 20 हजार किसानों को मुफ्त में देगी बीज

**नई दिल्ली।** कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के बीच आईटी सेवा कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज ने खरीफ की बुवाई शुरू होने से पहले उत्तर प्रदेश के हरदोई और लखनऊ जिलों में 20,000 किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीच दान करने का फैसला किया है। कंपनी यह भी सुनिश्चित कर रही है कि हरदोई किसान फार्मर्स प्रोड्यूसर्स आर्गेनाइजेशन के पास बिक्री के लिए उर्वरक और कीटनाशक जैसे दूसरी सामग्री समय से और पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो। कंपनी ने कहा कि कुछ किसान लॉकडाउन में परिवहन सुविधा की कमी की वजह से रबी की फसल मंडियों में नहीं ले जा पा रहे हैं।

इसे देखते हुए एचसीएल संग्रह केंद्रों की सुविधा बढ़ाने में लगी है ताकि उनकी फसल बाजार तक पहुंचे। यह पहल एचसीएल समुदाय के तहत की जा रही है जो एचसीएल टेक्नोलॉजीज की परोपकार इकाई एचसीएल फाउंडेशन का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। एचसीएल समुदाय के निदेशक आलोक वर्मा से कहा कि कंपनी 2015 से दोनों जिलों की 164 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक स्तर पर कृषि एवं स्वास्थ्य सहित कई क्षेत्रों में काम करती आ रही है। वर्मा ने कहा कि इस बार ग्रामीण इलाकों में स्थिति अलग है। लॉकडाउन के समय गुणवत्तापूर्ण कृषि सामग्री, खासकर बीज हासिल करना मुश्किल हो गया है।

## आप बस चाहते हैं कि लोग आपको देखना पसंद करें:इलियाना डिक्रूज



अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज का साउथ में काफी अच्छा प्रदर्शन रहा है और वह अपने हिस्से की बॉलीवुड फिल्में भी करती रही हैं। वह कहती हैं कि सब कुछ लोगों पर निर्भर करता है और एक कलाकार के रूप में, हर कोई चाहता है कि दर्शक आपको देखना पसंद करें। वह बताती हैं कि लोकप्रियता एक ऐसी चीज है जो इस तथ्य को संतुलित करती है कि फिल्म उद्योग वास्तव में जीवित रहने के लिए एक बहुत ही क्रूर जगह हो सकती है।

उन्होंने कहा, बेशक, यह (फिल्म उद्योग) क्रूर है, लेकिन यह लोगों पर निर्भर करता है। अगर वे (लोग) आपको पसंद करते हैं तो आपको बस यही चाहिए। आप चाहते हैं कि लोग आपको देखना पसंद करें।

इलियाना को लगता है कि जिस पल किसी अभिनेता की सराहना नहीं की जाती है तो वे अपनी छाप खो देते हैं।

वह कहती हैं, यह मूल रूप से मेरे लिए समान है। मैं एक ऐसे अभिनेता की फिल्म नहीं देखना पसंद करूंगी, जिसे मैं देखना पसंद नहीं करती। जिस मिनट आपको पसंद नहीं किया जाता है, आप अपनी छाप खो देते हैं। उद्योग एक मायने में क्रूर है, लेकिन इसमें बहुत सारे फायदे भी हैं।

वह बताती है, आपके पास केवल सभी अच्छी चीजें नहीं हो सकती हैं, कभी थोड़ा धोखा भी हो सकता है। मुझे लगता है कि यह चीजों को दिलचस्प बनाता है। यह आपको कड़ी मेहनत को लिए प्रेरित करता है। यह आपको बेहतर बनाने की कोशिश करता है।

इलियाना अगली बार अनफेयर एन लवली में दिखाई देंगी, जो गोरी त्वचा के प्रति भारत के जुनून पर एक कॉमिक टेक है। यह फिल्म हरियाणा की पृष्ठभूमि पर आधारित है और इसमें उनके साथ रणदीप हुड्डा भी होंगे।

## आज का राशिफल

मेष: सुख के साधन जुटेंगे। कानूनी बाधा दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। कुसंगति से बचें। परिवार में मांगलिक कार्यक्रमों की चर्चा संभव है।

वृषभ: शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। विवाद न करें। उतावली में कोई काम न करें। पुरानी संपत्ति के रख-रखाव पर धन खर्च हो सकता है।

मिथुन: विवाद से क्लेश होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यवसाय ठीक करेगा। व्यापार में नए प्रस्ताव लाभकारी रहेंगे।

कर्क: शत्रु सक्रिय रहेंगे। घर-बाहर तनाव रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। संपत्ति के कार्य लाभप्रद रहेंगे। भावनात्मक संबंधों में जल्दबाजी में निर्णय न लें।

सिंह: यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी सफल रहेंगे। धनार्जन होगा। पूँजी निवेश संबंधी कार्यों में सावधानी रखें। आत्मविश्वास बना रहेगा।

कन्या: दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। काम का बोझ कम करने के लिए जिम्मेदारियों को बाँटना आवश्यक है।

तुला: प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। व्यस्तता रहेगी। प्रसन्नता बढ़ेगी। कारोबार में वांछित तेजी आने की संभावना रहेगी।

वृश्चिक: लेन-देन में सावधानी रखें। मेहमानों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। धनार्जन होगा। रोजगार के बेहतर अवसर मिलने से आय बढ़ेगी।


धनु: कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। मेहनत व लगन से कार्यक्षेत्र में बेहतर सफलता हासिल कर सकेंगे।

मकर: कोई मुसीबत आ सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। फालतू खर्च होगा। जोखिम न उठाएं। व्यावसायिक योजना के विस्तार में मित्रों से मदद मिलेगी।

कुंभ: बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। धनार्जन होगा। घर की चिंता रहेगी। विरोधी भी आपसे प्रभावित होंगे।

मीन: शत्रु परास्त होंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। नए अनुबंध हो सकते हैं। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। साझेदारी में शुरू किया गया कार्य लाभ के अवसरों को बढ़ा सकता है।

## हीरोपंती 2 में टाइगर श्रॉफ को टक्कर देंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी



साल 2014 में आई फिल्म हीरोपंती से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले टाइगर श्रॉफ की फिल्म को लेकर नया अपडेट सामने आया है. डेब्यू के बाद पहली ही फिल्म में फिल्मफेयर जीतने वाली इस फिल्म का सीक्वल यानी हीरोपंती 2 की तैयारियां हो रही है. फिल्म में टाइगर के साथ एक और एक्टर की एंट्री होने जा रही है, जो फिल्म में टाइगर से टक्कर लेते दिखाई देंगे. फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी में वह विलेन के किरदार में नजर आने वाले हैं. टाइगर श्रॉफ और नवाजुद्दीन सिद्दीकी दोनों पहले भी साथ काम चुके हैं. दोनों ने फिल्म मुन्ना माइकल में एक साथ काम कर चुके हैं. फैंस फिल्म हीरोपंती 2 की घोषणा के बाद फिल्म का इतंजार बेसब्री से कर रहे हैं. हीरोपंती 2 की घोषणा पिछले साल हुई थी. कोरोना महामारी की दूसरी लहर से पहले फिल्म का पहला शेड्यूल पूरा हो गया था, लेकिन फिर लॉकडाउन की वजह से सब थम गया. महाराष्ट्र में महामारी के चलते लॉकडाउन जैसी पाबंदियां हटने के बाद फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू होने की उम्मीद है. फिल्म का अहमद खान निर्देशन कर रहे हैं, जो टाइगर श्रॉफ की बागी 2 और बागी 3 में डायरेक्ट कर चुके हैं. साल 2014 में रिलीज हुए फिल्म के पहले पार्ट में टाइगर श्रॉफ के साथ कृति सैनन थीं तो फिल्म के सीक्वल में तारा सुतारिया नजर आएंगी. टाइगर श्रॉफ ने इस साल अपने जन्मदिन पर बताया था कि फिल्म हीरोपंती 2 सिनेमाघरों में 3 दिसंबर को रिलीज होगी.

## बॉलीवुड के बाद साउथ की अगली फिल्म में नजर आ सकती हैं कृति सेनन



अगर हम बॉलीवुड की सबसे व्यस्त अभिनेत्री की बात करें तो इस लिस्ट में सबसे पहले नाम कृति सेनन का आता है। जो आने वाले दिनों में बैक टू बैक कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। जिसमें उनकी फिल्म आदि पुरुष भी शामिल है। इस फिल्म में कृति सेनन के अलावा प्रभास और सैफ अली खान मुख्य किरदार में नजर आने वाले है। इसके अलावा और भी कई फिल्मों में नजर आएंगी। हालांकि कोरोना वायरस की वजह से कृति सेनन की फिलमों की शूटिंग पर इन दिनों ब्रेक लगा हुआ है। इस समय अभिनेत्री शूटिंग नहीं कर रही है लेकिन वो अपनी अगली फिल्मों और अगले प्रोजेक्ट को लेकर तैयारियां भी कर रही है। अब अभिनेत्री कृति सेनन के हाथ एक बड़ी बड़ी फिल्म लगने की खबर आई है। खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि अभिनेत्री कृति सेनन को साउथ फिल्मों के एक बड़े निर्माता कंपनी ने उनको अगली फिल्म के लिए अप्रोच किया है।

## सबसे आसान डिनर रेसिपी है स्पाइसी मूंग दाल खिचड़ी



कोरोना के चलते अगर आपकी कुक नहीं आ रही और इसके चलते हर दिन बाहर का खा-खाकर बोर हो गए हैं तो आज हम बताएंगे हेल्दी एंड टेस्टी एक ऐसी डिश जो मिनटों में तैयार हो जाती है।

### सामग्री :

1/2 कप छिलकेवाली मूंग दाल, 1 कप चावल, 1 टमाटर कटा हुआ, 2 हरी मिर्च, 1 तेजपत्ता, 1 टुकड़ा दालचीनी, 5 साबूत काली मिर्च, 1 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टीस्पून हल्दी, 4 लौंग, 1 बड़ी इलायची, 1 टेबलस्पून तेल, नमक, स्वादानुसार

**छौंकने के लिए-** 2 टेबलस्पून घी, 1 टीस्पून जीरा, 1/2 टीस्पून हींग, 10-12 करी पत्ता, 1 साबूत लाल मिर्च

### विधि :

चावल और दाल को एक साथ मिलाकर पानी से अच्छी तरह से धो लें। प्रेशर कुकर को गर्म कर उसमें चावल, दाल साथ ही एक लीटर पानी भी डाल दें। इसके बाद इसमें तेज़पत्ता, काली मिर्च, दालचीनी का टुकड़ा, लौंग, हरी मिर्च, टमाटर, हल्दी पाउडर, नमक, इलायची और लालमिर्च पाउडर डालें और चलाएं। ऊपर से 1 टेबलस्पून तेल डालकर कुकर को लो मीडियम फ़्लेम पर रख दें। 3-4 सीटी के बाद आंच बंद कर दें। कुछ देर बाद खिचड़ी देख लें आवश्यकतानुसार उसमें पानी मिला लें। अब एक बड़ी कलछी लेकर उसमें घी डालें। घी गर्म होने के बाद जीरा, हींग, करी पत्ता और साबूत लाल मिर्च को बीच से तोड़कर डालें। जीरा जब लाल को जाए और तड़के से एक मनमोहक खूशबू आने लगे तो कलछी को उठाकर प्रेशर कुकर में डालें और ऊपर से ढक दें। कुछ देर बाद तड़के को अच्छी तरह से मिलाएं और कटी हुई हरी धनियापत्ती से सजाएं।

## शब्द सामर्थ्य- 96

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 95 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 96

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र. 95 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |